गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्तकोश एवं श्री गुरु नानक देव रक्तदान सेवा सोसायटी के संयुक्त तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन

आज दिनांक 31 जुलाई सन 2022 को गुरु श्री गोरक्षनाथ रक्तकोश की तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन पाम पैराडाइज तारामंडल में किया गया इस अवसर पर उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल जी ने रक्त दाताओं के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए बताया कि रक्तदान महादान है रक्तदाता रक्तदान करके मानवता की अभीष्ट श्रेणी में स्थापित होने का कार्य करते हैं उन्होंने आगे बताया की एक रक्तदाता के रक्तदान करने से चार लोगों के प्राणों की रक्षा की जा सकती है

इस अवसर पर उपस्थित ब्लड बैंक अधिकारी डॉ ममता जायसवाल जी ने रक्तदाताओं को रक्तदान से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं सावधानी के बारे में विस्तार से समझाई

इस रक्तदान शिविर में अजय कुमार ऋषभ अग्रवाल अभिषेक जयसवाल राजीव रतन सिन्हा धीरेंद्र कुमार शुक्ला सहित कुल 20 रक्तदाताओं ने रक्तदान शिविर में भाग लिया

कार्यक्रम के अंत में चिकित्सालय के अपर निदेशक डॉ कामेश्वर सिंह जी ने सभी रक्त दाताओं के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त किये एवं हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किये